वनरक्षक भर्ती/ई–मेल सम्प्रेषण

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (शाखा प्रशासन–।।)

वन भवन, तुलसी नगर, लिंक रोड नम्बर–2, म.प्र. भोपाल–462003

क्रमांक/प्रशा.।।/क्षे.स्था.2/2682 भोपाल, दिनांक 12–जून 2024

प्रति,

समस्त मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय)

मध्यप्रदेश

विषय :वर्ष 2022–23 में वनरक्षक भर्ती में लिखित परीक्षा में द्वितीय चरण हेतु सफल उम्मीदवारों के अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल कार्यक्रम सम्पन्न कराने बावत।

सन्दर्भः–कार्यालयीन पत्र क्र./क्षे.स्था.2/2027 दि. 06 मई 2024, पत्र क्र./2036 दि.09.5.2024, पत्र क्रमांक/2226 दिनांक 17.5.2024, पत्र क्रमांक/2299 दिनांक 22.5.2024, पत्र क्रमांक/2353 दिनांक 25.5.2024 एवं पत्र क्रमांक/2528 दिनांक 04.6.2024

——0——

विषयांतर्गत कृपया सन्दर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिनके माध्यम से दिनांक 24.5.2024 से 27.5.2024 के मध्य द्वितीय चरण हेतु सफल उम्मीदवारों के अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल कराने के संबंध में निर्देश दिये गये थे।

2. होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों की लोकसभा निर्वाचन 2024 में ड्युटी के कारण सन्दर्भित पत्र दिनांक 22.5.2024 से उनके अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदलचाल की कार्यवाही पृथक तिथियों में कराने हेतु लेख किया गया था।

3. दिनांक 26.5.2024 एवं 27.5.2024 को जिन जिलो/वनमण्डलों में पैदलचाल की कार्यवाही होनी थी, गर्मी के कारण अभ्यार्थियों को पैदलचाल में कठिनाई को दृष्टिगत रखते हुए, उक्त तिथियों में आयोजित पैदलचाल को स्थगित करने हेतु लेख किया गया था।

4. नोडल वनमण्डलों से प्राप्त जानकारी अनुसार सागर/दमोह/धार/झाबुआ/नरसिंहपुर/विदिशा वनमण्डल द्वारा अभ्यार्थियों के पास संविदा में कार्यरत न होने संबंधी कोई दस्तावेज न होने के कारण उनको शारीरिक माप एव पैदलचाल में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। जब कि शेष वनमण्डलों द्वारा ऐसे अभ्यार्थियों का शारीरिक माप एवं पैदलचाल कराया गया है। अतः प्रक्रिया में एकरूपता बनाये रखने हेतु उपरोक्त 06 वनमण्डलों में भी ऐसे अभ्यार्थियों का शारीरिक माप एवं पैदलचाल कराई जावे। कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा अंतिम रूप से जारी चयन सूची के आधार पर संविदा अभ्यार्थियों से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत किये जाने पर ही उन्हें नियुक्ति दी जावेगी।

5. म.प्र.कर्मचारी चयन मण्डल से चयनित अभ्यार्थियों की जो सूची प्राप्त हुई है उसमें होमगार्ड के लिए "HG" तथा संविदा के अभ्यार्थियों के लिए "Y" के संकेतिक चिन्ह का प्रयोग किया गया है, उसकी जिलेवार प्रति साफ्ट कापी ई–मेल के माध्यम से भेजी जा रही है।

नोडल व.मं. से प्राप्त अनुपस्थित होमगार्ड की संख्यात्मक जानकारी जिलेवार संलग्न है। कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों से पुनः परीक्षण कर लें और यदि त्रुटिवश किसी होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिक अभ्यार्थी का नाम छूट गया हो तो उसे अपने स्तर से सूची में शामिल कर लें।

5. सभी नोडल वनमण्डलाधिकारियों द्वारा पूर्व में अभ्यार्थियों को काल लेटर जारी किये ये है। उसी काल लेटर के सन्दर्भ में काल लेटर/आधार कार्ड सहित निर्धारित तिथि में अभ्यार्थियों को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र **दिनांक 14.6.2024** तक जारी करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के सन्दर्भ में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना है:—

| जिला/नोडल व.मं. | होमगार्ड स्वयं सेवी सैनिकों के अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप की तिथि | होमगार्ड सैनिक एवं स्थगित पैदलचाल की तिथि **(अभ्यार्थियों की संख्या का निर्धारण अपनी सुविधा अनुसार स्वयं करें)** | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| बालाघाट | 26.6.2024 | 27.6.2024 एवं 28.6.2024 | होमगार्ड सहित (पूर्व में जारी काल लेटर एवं आधार कार्ड के साथ) |
| बैतूल | 26.6.2024 | 27.6.2024 एवं 28.6.2024 | होमगार्ड सहित (पूर्व में जारी काल लेटर एवं आधार कार्ड के साथ) |
| विदिशा (7) +सीहोर (5) (विदिशा नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 | 1. सीहोर द्वारा 05 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल विदिशा में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. सीहोर जारी करें।<br>2. जिन अभ्यार्थियों के पास संविदा के अभिलेख नहीं थे, उनके शारीरिक माप एवं पैदलचाल विदिशा द्वारा नहीं कराये गये है, उन्हें **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर शारीरिक माप एवं पैदल हेतु चाल सूचना पत्र विदिशा व.मं. जारी करे **(होमगार्ड+संविदा)**। |
| रायसेन | 26.6.2024 | 27.6.2024 | होमगार्ड सहित (पूर्व में जारी काल लेटर एवं आधार कार्ड के साथ) |
| पन्ना (16)+ टीकमगढ़ (2) (पन्ना नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 एवं 28.6.2024 | 1.टीकमगढ़ द्वारा 02 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल पन्ना में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. टीकमगढ़ जारी करें।<br>2.पन्ना अनुपस्थित होमगार्ड/पैदलचाल स्थगित सहित पूर्व में जारी काल लेटर एवं आधार कार्ड के साथ सूचना पत्र जारी करे। |
| श्योपुर (10)+ मुरैना (2) (श्योपुर नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 | मुरैना द्वारा 02 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल श्योपुर में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. मुरैना जारी करें। |
| नर्मदापुरम (15) + हरदा (11) (नर्मदापुरम नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 | हरदा द्वारा 10 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल नर्मदापुरम में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. हरदा जारी करें। |

E:\17.2.16\SN Singh\FG Bharti 2022-2023\Letter-2022 PEB.docx

| | | | |
|---|---|---|---|
| झाबुआ (10)+ धार (11)+ इन्दौर (4)+ अलीराजपुर (9) (झाबुआ नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 | 1. धार–11, इन्दौर–4 एवं अलीराजपुर–9 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल झाबुआ में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. धार, इन्दौर एवं अलीराजपुर जारी करें।<br>2. जिन अभ्यार्थियों के पास संविदा के अभिलेख नहीं थे, उनके शारीरिक माप एवं पैदलचाल धार/झाबुआ द्वारा नहीं कराये गये है, उन्हें **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर शारीरिक माप एवं पैदल चाल हेतु दोनों व.मं. झाबुआ में उपस्थित हेतु सूचना पत्र जारी करें **(होमगार्ड+संविदा)**। |
| खण्डवा (34) + खरगोन (4)+ बड़वानी (3) (खण्डवा नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 | खरगोन–4 एवं बड़वानी–3 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल खण्डवा में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. खरगोन एवं बड़वानी जारी करें। |
| बुरहानपुर | 26.6.2024 | 27.6.2024 | होमगार्ड सहित (पूर्व में जारी काल लेटर एवं आधार कार्ड के साथ) |
| सीधी | 26.6.2024 | 27.6.2024 | केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी करें। |
| सागर (45)+ दमोह (3) (सागर नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 एवं 28.6.2024 | 1. दमोह द्वारा 03 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल सागर में उपस्थित होने हेतु सूचमा पत्र व.मं. दमोह जारी करें।<br>2. दमोह/सागर में जिन अभ्यार्थियों के पास संविदा के अभिलेख नहीं थे, उनके शारीरिक माप एवं पैदलचाल सागर/दमोह द्वारा नहीं कराये गये है, उन्हें **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर शारीरिक माप एवं पैदल चाल हेतु दोनों व.मं. सागर में उपस्थित हेतु सूचना पत्र जारी करें **(होमगार्ड+संविदा)**। |
| सिवनी (6)+ नरसिंहपुर (2) (सिवनी नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 एवं 28.6.2024 | 1. नरसिंहपुर व.मं. द्वारा 02 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल सिवनी में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. नरसिंहपुर जारी करें।<br>2. जिन अभ्यार्थियों के पास संविदा के अभिलेख नहीं थे, उनके शारीरिक माप एवं पैदलचाल नरसिंहपुर द्वारा नहीं कराये गये है, उन्हें **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर शारीरिक माप एवं पैदल चाल हेतु व.मं. सिवनी में उपस्थित हेतु सूचना पत्र नरसिंहपुर व.मं. जारी करें **(होमगार्ड+संविदा)**। |
| उमरिया | 26.6.2024 | 27.6.2024 | केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी करें। |

E:\17.2.16\SN Singh\FG Bharti 2022-2023\Letter-2022 PEB.docx

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुना (10) + शिवपुरी (1) (गुना नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 | शिवपुरी द्वारा 01 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल गुना में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व.मं. शिवपुरी जारी करें। |
| देवास (42) + मंदसौर (1)+ नीमच (9) (देवास नोडल) | 26.6.2024 | 27.6.2024 | मंदसौर–01 एवं नीमच–09 अनुपस्थित होमगार्ड की जानकारी दी गई है। केवल अनुपस्थित होमगार्ड अभ्यार्थियों को पूर्व में जारी **काल लेटर एवं आधार कार्ड** लेकर वनमण्डल देवास में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र व. मं. मंदसौर एवं बड़वानी जारी करें। |

उपरोक्त उल्लेखित वनमण्डलों के अलावा भी यदि किसी वनमण्डल द्वारा संविदा अभ्यार्थियों का शारीरिक माप/पैदलचाल नहीं कराया गया है तो वे भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करें।

**सन्दर्भित पत्रों से दिये गये शेष दिशा निर्देश यथावत रहेंगे।** समस्त कार्यक्रम सम्पन्न होने पर पूर्व में प्रेषित परिशिष्ट–3 में एकजाई जानकारी 02 जुलाई 2024 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

**विशेष टीप: सभी जिलों के लिए–**

**(1) होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों के अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल परीक्षण का समय**

| | |
|---|---|
| **होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों के अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप** | **9.00 am से समाप्ति तक** |
| **सभी के पैदल चाल** | **06.00 am से 10.00 am तक** |

**(2) अभिलेख परीक्षण एवं शारीरिक माप के उपरांत ही पैदल चाल कराई जायेगी।**

**संलग्न:–उपरोक्तानुसार**

12/06/24

**(कमलिका मोहन्ता)**
**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.।।)**
**म.प्र. भोपाल**

पृष्ठा0कमांक/प्रशा.।।/क्षे.स्था.2/2683 भोपाल, दिनांक 12 जून 2024

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, म.प्र.शासन वन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल
2. वरिष्ठ निज सहायक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
3. प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य वन विकास निगम, पंचानन भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
4. महानिदेशक, होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन, नूरबाग कैम्पस पुलिस आफीसर मैस के सामने जहांगीराबाद भोपाल की ओर आपके पत्र दिनांक 21.5.2024 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। कृपया अभ्यार्थियों को निर्धारित तितियों में उपस्थित होने हेतु सूचित करने का कष्ट करें।
5. समस्त नोडल वनमण्डलाधिकारी म.प्र.।
6. नियंत्रक, मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल म.प्र.।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

**संलग्न:–उपरोक्तानुसार**

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.।।)
म.प्र. भोपाल

E:\17.2.16\SN Singh\FG Bharti 2022-2023\Letter-2022 PEB.docx